**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3133**
**दिनांक 09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**परिचर्या क्षेत्र का विकास**

**†3133. श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में नर्स-जनसंख्या अनुपात का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह अनुपात अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) क्या सरकार ने नर्सों की संख्या बढ़ाने और परिचर्य क्षेत्र में सुधार लाने हेतु कोई कदम उठाए हैं/उठाने का विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ग): भारतीय नर्सिंग परिषद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्ष 2024, 2023 और 2022 के दौरान देश में नर्स-जनसंख्या अनुपात क्रमशः 1:455, 1:475 और 1:489 है।

(घ): देश में नर्सिंग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, केंद्र सरकार एक केंद्रीय क्षेत्र योजना "नर्सिंग सेवाओं का विकास" लागू कर रही है, जिसके तहत नर्सिंग स्कूलों (एसओएन) को नर्सिंग कॉलेज (सीओएन) में उन्नयन करने के लिए अनुदान दिया जाता है। इसके अलावा, बजट भाषण 2023-24 में उन मेडिकल कॉलेजों में 157 नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना की घोषणा की गई है, जिन्हें "मौजूदा जिला/रेफरल अस्पताल से जुड़े नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना" के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तहत मंजूरी दी गई है।

*****